# बारामती उपचुनाव पर अजित दादा को याद कर रोहित पवार हुए भावुक, कहा- सपने में भी नहीं सोचा था

**दिव्यांश**

मुंबई। महाराष्ट्र की बारामती सीट पर उपचुनाव को लेकर तारीखों का ऐलान कर दिया गया है. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन से ये सीट खाली हुई थी. चुनाव आयोग की घोषणा के बाद शरद गुट के नेता रोहित पवार ने अजित पवार को याद करते हुए सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट किया है. उन्होंने कहा कि कभी किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि यहां उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ेगी.

एनसीपी के विधायक रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''बारामती विधानसभा क्षेत्र में, जहां सिर्फ जीत के अंतर की चर्चा होती थी, किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वहां उपचुनाव कराना पड़ेगा, लेकिन दुर्भाग्य से, अजित दादा हमें छोड़कर चले गए हैं और आज बारामती विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की घोषणा हो गई है. कभी-कभी हकीकत कल्पना से भी ज्यादा भयावह होती है.''

**बारामती सीट पर कब है वोटिंग?**

भारत निर्वाचन आयोग ने रविवार (15 मार्च) को महाराष्ट्र की दो सीटों राहुरी और बारामती विधानभा सीट पर उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा की है. इनमें राहुरी सीट बीजेपी के विधायक रहे शिवाजी कर्डीले और बारामती सीट अजित पवार के निधन की वजह से खाली हुई. यहां दोनों



सीटों पर उपचुनाव के लिए 23 अप्रैल को वोटिंग होगी और 4 मई को नतीजे घोषित होंगे.

**राहुरी और बारामती उपचुनाव को लेकर कार्यक्रम**

30 मार्च 2026 को अधिसूचना जारी होगी

6 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख

7 अप्रैल नामांकन पत्रों की जांच की आखिरी तारीख

9 अप्रैल 2026 तक प्रत्याशी नाम ले सकते हैं वापस

23 अप्रैल 2026 को वोटिंग होगी

4 मई 2026 को उपचुनाव के नतीजे आएंगे

**रोहित पवार ने राहुल गांधी से की थी मुलाकात**

शरद पवार गुट के नेता रोहित पवार ने 12 मार्च को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की थी. इस दौरान बारामती विमान हादसे की जांच पर गंभीर चिंता जताई थी. रोहित पवार ने बताया था कि अलग-अलग सोर्स से मेहनत से इकट्ठा किए गए सबूतों का एक डिटेल्ड डोजियर उन्हें सौंपा. साथ ही राहुल गांधी से इस मुद्दे को लोकसभा में उठाने और निष्पक्ष जांच की मांग करने का आग्रह भी किया था.

**रोहित पवार कई बार उठा चुके हादसे की जांच पर सवाल**

रोहित पवार बारामती हादसे के बाद कई बार इसकी जांच को लेकर सवाल उठा चुके हैं. वो इस हादसे को महज दुर्घटना नहीं मानते हैं. उन्होंने इस हादसे को लेकर कई बार साजिश का आरोप लगाया है. शरद पवार गुट के नेता ने कंपनी वीएसआर वेंचर्स और डीजीसीए अधिकारियों को बचाने की कोशिश का भी दावा किया है. बता दें कि 28 जनवरी 2026 को हुए विमान हादसे में अजित पवार, उनके पीएसओ विदिप जाधव, दो पायलट और एक केबिन क्रू सदस्य की मौत हो गई थी. जिसके बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम बनाया गया था.

# रतलाम मंडल ने बिलड़ी से न्यू उधना तक सुपर-क्रैक लॉन्ग हॉल कंटेनर ट्रेन का 7 घंटे से कम समय में सफल परिचालन कर रचा इतिहास

रतलाम। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने रेलवे के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए दिनांक 13 मार्च 2026 को बिलड़ी से न्यू उधना तक सबसे तेज सुपर-क्रैक लॉन्ग हॉल कंटेनर ट्रेन का सफलतापूर्वक संचालन किया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह उपलब्धि रतलाम मंडल की उच्च स्तरीय परिचालन दक्षता, बेहतर संसाधन प्रबंधन, समय एवं मानव संसाधनों की बचत तथा माल परिवहन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रमाण है। बिलड़ी से न्यू उधना तक सुपर-क्रैक लॉन्ग हॉल कंटेनर ट्रेन मात्र 6 घंटे 55 मिनट में न्यू उधना पहुँची। इस दौरान ट्रेन की औसत गति 54.97 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जो रेलवे की लॉजिस्टिक्स दक्षता एवं तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाती है।

रतलाम मंडल द्वारा इससे पूर्व भी 08 जनवरी 2026 को बिलड़ी से उधना तक मंडल की पहली लॉन्ग हॉल कंटेनर ट्रेन का सफल संचालन किया गया था। इसके पश्चात 10 जनवरी 2026 को दूसरी लॉन्ग हॉल ट्रेन वटवा से बकानियां भौरी के मध्य सफलतापूर्वक चलाई गई। इस प्रकार रतलाम मंडल ने लॉन्ग हॉल कंटेनर ट्रेनों के सफल परिचालन की दिशा में यह तीसरी महत्वपूर्ण उपलब्धि



प्राप्त की है।

यह ऐतिहासिक उपलब्धि पश्चिम रेलवे, विशेष रूप से रतलाम मंडल की नवाचार-प्रधान सोच, परिचालन उत्कृष्टता तथा माल परिवहन को अधिक सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

# मध्य रेल के श्री मोहम्मद शम्स, टीटीआई, मुंबई मंडल के पहले करोड़पति बने- टिकट चेकिंग से कमाई में 1 करोड़ का आंकड़ा पार किया

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मुंबई मंडल के ओपन डिटेल बैच के ट्रैवलिंग टिकटिंग इंस्पेक्टर श्री मोहम्मद शम्स चंद ने वित्त वर्ष 2025-26 में टिकट चेकिंग से कमाई में 1 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। श्री मोहम्मद शम्स ने वित्त वर्ष 2025-26 (दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 15.03.2026 तक) में 11,483 मामलों का पता लगाकर 1,00,38,505/- रुपये की टिकट चेकिंग से कमाई दर्ज की और चालू वित्त वर्ष में यह उपलब्धि हासिल करने वाले मध्य रेल के पहले टिकट चेकिंग कर्मी बन गए। उनका समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन वास्तव में सराहनीय है और इससे रेलवे को राजस्व हानि की एक महत्वपूर्ण राशि बचाने में योगदान मिला है। उनकी उपलब्धियों ने टिकट चेकिंग समुदाय की प्रतिष्ठा को वास्तव





में बढ़ाया है और दूसरों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित किया है। मध्य रेल यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे अधिकृत विक्रेताओं द्वारा जारी वैध टिकटों के साथ, रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटरों से, एटीवीएम के माध्यम से या वेबसाइट http://www.irctc.co.in के माध्यम से टिकट बुक करके यात्रा करें। यात्री अपने मोबाइल फोन पर रेल वन ऐप डाउनलोड करके भी टिकट बुक कर सकते हैं।

रेलवे बिना टिकट यात्रा के प्रति अपनी सख्त नीति को दोहराता है और यात्रियों को आरामदायक और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुरक्षित यात्रा करें, जिम्मेदारी से यात्रा करें, सम्मान के साथ यात्रा करें

# अहमदाबाद मंडल के डीआरएम वेद प्रकाश ने साबरमती स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

अहमदाबाद : पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश ने अधिकारियों की टीम के साथ साबरमती रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में जारी निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

इस दौरान साबरमती स्टेशन के पुनर्विकास से जुड़े कार्यों में गर्डर और ट्रेस लांचिंग की योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ट्रेन संचालन और आवश्यक ब्लॉक व्यवस्था के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया। निरीक्षण के समय निर्माण विभाग के मुख्य परियोजना प्रबंधक डी.आर. चौधरी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएँ**

साबरमती स्टेशन के पुनर्विकास के बाद



कॉन्कोर्स क्षेत्र में विशाल प्रतीक्षालय और फूड प्लाज़ा जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे यात्रियों को बेहतर आराम और खानपान की सुविधा मिल सकेगी।

कॉन्कोर्स क्षेत्र का आकार लगभग 110 × 36 वर्गमीटर होगा।

हाई-रूफ का आकार 122 × 171 मीटर तथा 88 × 110 मीटर होगा। इससे लगभग 30,542 वर्गमीटर क्षेत्र ट्रैकों के ऊपर कवर होगा।

यह छत प्लेटफॉर्म से लगभग 65 फीट की ऊंचाई पर स्थापित की जा रही है।

यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध

स्टेशन पुनर्विकास योजना के अंतर्गत यात्रियों की सुविधा के लिए

20 लिफ्ट

20 एस्केलेटर

20 सीढ़ियाँ

लगाई जाएंगी, जिससे यात्रियों की आवाजाही अधिक सुगम होगी।

डीआरएम वेद प्रकाश ने यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर विकसित की जा रही आधुनिक यात्री सुविधाओं, स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म क्षेत्र और अन्य बुनियादी ढांचे का भी अवलोकन किया।

उन्होंने निर्माण एजेंसियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को जल्द ही बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# 'यूपी में बदलेगा बुलडोजर ड्राइवर...बंगाल में हारेगी बीजेपी '-सपा मुखिया अखिलेश यादव का बड़ा दावा

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार (15 मार्च) को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला. उन्होंने दावा किया कि अगले महीने पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ेगा और ममता बनर्जी एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद पर काबिज होंगी.

अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि आगामी विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ 'इंडिया' गठबंधन के साथ खड़ी है. उन्होंने कहा कि सपा असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में गठबंधन के सहयोगी दलों का समर्थन करेगी. असम में एक सीट की मांग पर उन्होंने कहा, 'अगर हमें सीट नहीं भी मिलती है, तब भी हमारा समर्थन 'इंडिया' गठबंधन को ही रहेगा.'

**चुनाव आयोग से निष्पक्षता की अपील**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से इन चार राज्यों में स्वतंत्र



और निष्पक्ष चुनाव कराने की अपील की. उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह केंद्र सरकार के हाथों की कठपुतली बनकर न रह जाए. बंगाल के मतदाताओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वहां की जनता राजनीतिक रूप से जागरूक है और वे केंद्र के भेदभाव को नहीं भूलेंगे.

**यूपी में 'बुलडोजर चालक' बदलने का दावा**

उत्तर प्रदेश की राजनीति का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बड़ा दावा किया. उन्होंने कहा कि यूपी में जल्द ही 'बुलडोजर चालक' बदलेगा और वे योगी आदित्यनाथ की जगह मुख्यमंत्री बनेंगे. साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगर सपा सत्ता में आती है, तो इटावा में 1,000 एकड़ क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित एक विशाल पार्क विकसित किया जाएगा.

**पीएम मोदी पर कसा तंज**

प्रेस कॉन्फ्रेंस के आखिर में अखिलेश यादव ने हल्के-फुल्के अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर तंज कसा. उन्होंने कहा कि पिछले महीने जब पीएम मोदी इजराइल की यात्रा से लौट रहे थे, तो उन्हें ईरान में रुकना चाहिए था. अखिलेश के मुताबिक, अगर पीएम मोदी पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध को रुकवा देते, तो उनके पास सही मायनों में 'विश्वगुरु' बनने का मौका था, जो उन्होंने गंवा दिया.

# मुंबई में अधिकारी बनकर बसों से मोबाइल चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 2 शातिर गिरफ्तार

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**


दफ्तर जाने वाले अधिकारी बनकर बस यात्रियों को अपना शिकार बनाने वाले एक शातिर मोबाइल चोर गिरोह का मुंबई की बांगुर नगर पुलिस ने पर्दाफाश किया है. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ में आधा दर्जन से ज्यादा मोबाइल चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है.

बांगुर नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रविंद्र आव्हाड ने बताया कि 28 फरवरी 2026 की सुबह करीब 8:30 से 8:45 बजे के बीच गोरेगांव पश्चिम स्थित ओशिवारा बस डिपो से चलने वाली बस नंबर 464 में एक महिला यात्री के पर्स से रेडमी मोबाइल चोरी होने की शिकायत मिली थी.

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की. घटनास्थल और बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पुलिस को संदिग्धों का सुराग मिला, जिसके बाद उनके ठिकानों पर दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया.

**हाथ में फाइल लेकर करते थे चोरी**

पूछताछ में इस गैंग के काम करने का अनोखा और शातिर तरीका सामने आया है. पुलिस के मुताबिक, गैंग के सदस्य मोबाइल चोरी करने से पहले हाथ में



एक फाइल लेकर किसी हाई-प्रोफाइल अधिकारी की तरह बस स्टैंड पर खड़े रहते थे. जैसे ही कोई महिला या यात्री बस में चढ़ने लगता, फाइल पकड़ा हुआ आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर बड़ी सफाई से मोबाइल निकाल लेता और तुरंत अपने पीछे खड़े दूसरे साथी को थमा देता था. वारदात को अंजाम देने के बाद वह खुद एक सामान्य नागरिक की तरह वहीं खड़ा रहता था, ताकि किसी को उस पर शक न हो.

**आरोपियों का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड**

पुलिस ने इस मामले में जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनकी पहचान इस प्रकार है. श्रीकांत प्रविणचंद्र दामानी (55 वर्ष): निवासी मालाड पश्चिम, आलम नजीर खान (40 वर्ष): मूल निवासी उत्तर प्रदेश

जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी श्रीकांत दामानी एक आदतन अपराधी है. उसके खिलाफ मुंबई के डी.बी. मार्ग, बोरीवली, भोईवाड़ा, डिंडोशी, मेघवाड़ी, कांदिवली, पायधुनी और बांगुर नगर पुलिस स्टेशनों के साथ-साथ बोरीवली रेलवे पुलिस में भी चोरी के कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं.

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में बांगुर नगर पुलिस की क्राइम टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है. फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है, ताकि मुंबई में उनके द्वारा की गई अन्य मोबाइल चोरी की घटनाओं का भी पता लगाया जा सके.

**'शायद भाजपा के कार्यालय में....**

# पाँच राज्यों में चुनाव की घोषणा से पहले संजय राउत का चुनाव आयोग पर तंज

मुंबई। पाँच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा से पहले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने चुनाव आयोग पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता शायद भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में भी हो सकती है।

संजय राउत ने कहा कि आज का चुनाव आयोग भाजपा की विस्तारित शाखा की तरह काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि चुनाव आयोग भाजपा के दिल्ली मुख्यालय में अपनी प्रेस वार्ता करे तो भी उन्हें आश्चर्य नहीं होगा।

उन्होंने आगे कहा कि उन्हें चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है और आयोग के अधिकारी भाजपा के दबाव में काम कर रहे हैं।

**चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता**

भारतीय निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के लिए शाम चार बजे संवाददाता सम्मेलन बुलाया है। इन राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल मई और जून में अलग-अलग तिथियों पर समाप्त हो रहा है।

मतदाताओं की सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की अंतिम मतदाता सूचियाँ भी प्रकाशित कर दी गई हैं।

**पिछले चुनावों का विवरण**

पश्चिम बंगाल में पिछली बार विधानसभा चुनाव आठ चरणों में हुए थे। 2 मार्च 2021 को अधिसूचना जारी होने के बाद 27 मार्च से 29 अप्रैल तक मतदान हुआ था और 2 मई 2021 को परिणाम घोषित किए गए थे, जिसमें तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली थी। राज्य में कुल 294 विधानसभा सीटें हैं।

तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए पिछली बार 12 मार्च 2021 को अधिसूचना जारी हुई थी और 6 अप्रैल 2021 को एक ही चरण में मतदान हुआ था। इसी दिन 140 सदस्यीय केरल विधानसभा और 30 सदस्यीय पुडुचेरी विधानसभा के लिए भी मतदान कराया गया था।

# भिवंडी में अवैध गैस सिलेंडरों के जखीरे पर छापेमारी, एलपीजी संकट के बीच बड़ी कार्रवाई

भिवंडी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहाँ प्रशासन ने अवैध गैस भंडारण के खिलाफ एक बड़ी स्ट्राइक की है. शहर के रिहायशी इलाके में मौत का सामान इकट्ठा किया जा रहा था, जिसे राशनिंग विभाग की टीम ने समय रहते जब्त कर लिया है. मिली जानकारी के मुताबिक भिवंडी तालुका के वालपाडा स्थित वर्धमान टॉवर में ये कार्रवाई की गई है. ठाणे (राशनिंग) विभाग के 'फ' परिमंडल की भरारी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यहाँ छापेमारी की.

**छापेमारी में मौके पर क्या मिला?**

छापेमारी के दौरान टीम की आंखें फटी रह गईं. जब रिहायशी इमारत में भारी मात्रा में गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण किया गया था. इसमें भारत गैस, एचपी गैस, गो गैस और गैस-1 जैसी नामी कंपनियों के सिलेंडर शामिल थे. टीम ने मौके से घरेलू (अदसूग्म) और कमर्शियल, दोनों ही श्रेणियों के सिलेंडर



बरामद किए हैं.

**कालाबाजारी का बड़ा खेल!**

अमेरीका- इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग के कारण समुद्री रास्ते में ईंधन न पहुंचने के कारण भारत जो की दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, वहां रोजाना उपभोग के कारण गैस वितरण प्रणाली में परेशानी हो रही है. यही वजह है कि अब लोगों ने इसकी होर्डिंग कर ब्लैक मार्केटिंग करना शुरू कर दिया है. जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इन सिलेंडरों को जमा करके ऊंचे दामों पर कालाबाजारी (र्ल्मे ईवूग्ह) के लिए बेचने की तैयारी थी. घनी आबादी वाले इलाके में इस तरह अवैध रूप से सिलेंडरों को रखना किसी बड़े हादसे को दावत देने जैसा था.

**इस छापेमारी पर अधिकारी ने क्या कहा?**

इस मामले में कार्रवाई करते हुए शिधावाटप राशनिंग विभाग ने सारा स्टॉक जब्त कर लिया है. पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे फिलहाल पूछताछ जारी है. प्रशासन अब इस बात की जांच कर रहा है कि इन सिलेंडरों की सप्लाई चेन कहाँ से जुड़ी है. भिवंडी में हुई इस कार्रवाई ने एक बार फिर गैस माफियाओं की कमर तोड़ दी है. देखना यह होगा कि इस मामले में और कितने बड़े नाम सामने आते हैं.

# पुणे में 200 किलोमीटर का मेट्रो नेटवर्क बनेगा- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज





पुणे। पुणे मेट्रो परियोजना ने शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बड़ा बढ़ावा दिया है और पुणेकरों ने मेट्रो सेवा को उत्साहपूर्वक अपनाया है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 2.5 लाख यात्री मेट्रो से यात्रा कर रहे हैं।

भविष्य में पुणे महानगरपालिका, पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका और पीएमआरडीए क्षेत्र को मिलाकर लगभग 200 किलोमीटर का मेट्रो नेटवर्क विकसित करने की योजना है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तेजी से हो रहे शहरी विकास को देखते हुए उन्होंने पुणे मेट्रो और शहरी विकास विभाग को इस पूरे नेटवर्क की विस्तृत योजना तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने इसके लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

मुख्यमंत्री यह बात पुणे शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूत करने वाले 'मेट्रो भवन', जो कि पुणे मेट्रो परियोजना का प्रशासनिक मुख्यालय है, के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं पुणे के पालकमंत्री सुनेत्रा अजित पवार, उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, शहरी विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, पुणे की महापौर मंजुषा नागपुरे, सांसद मेधा कुलकर्णी, विधायक योगेश टिलेकर, भीमराव तापकीर, सुनील कांबले, हेमंत रसने, बापू पठारे, शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव असीम गुप्ता, पुणे मंडल आयुक्त डॉ. चंद्रकांत पुलकुंडवार तथा महामेट्रो के प्रबंध निदेशक श्रवण हर्डीकर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि शुरुआत में कुछ कठिनाइयों के कारण पुणे मेट्रो परियोजना का काम देर से शुरू हुआ, लेकिन गति मिलने के बाद इसे बहुत तेजी से पूरा किया गया। आज पुणे मेट्रो देश में सबसे तेजी से पूर्ण होने वाली मेट्रो परियोजनाओं में से एक मानी जाती है। मेट्रो स्टेशनों के आधुनिक डिजाइन, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, यात्री सुविधाएं और अत्याधुनिक तकनीकी प्रणालियों सहित हर पहलू में उत्कृष्ट योजना बनाई गई है।

वर्तमान में पुणे शहर में लगभग 33 किलोमीटर मेट्रो लाइन चालू है। इसके अलावा टाटा समूह के सहयोग से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत 23 किलोमीटर की मेट्रो परियोजना का कार्य अंतिम चरण में है। इसमें से 12 किलोमीटर का उद्घाटन मई में और शेष 11 किलोमीटर जुलाई में शुरू करने की योजना है। इन दोनों परियोजनाओं के बाद पुणे में कुल मेट्रो नेटवर्क लगभग 56 किलोमीटर तक पहुंच जाएगा।

इसके अलावा 55 किलोमीटर पर कार्य जारी है और लगभग 80 किलोमीटर के विस्तार का प्रस्ताव भी है। भविष्य में पुणे महानगरपालिका, पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका और पीएमआरडीए क्षेत्रों को जोड़ते हुए करीब 200 किलोमीटर का मेट्रो नेटवर्क विकसित करने की योजना है।

तेजी से हो रहे शहरी विकास को देखते हुए मुख्यमंत्री ने महामेट्रो प्रशासन को निर्देश दिया कि पूरे 200 किलोमीटर नेटवर्क की विस्तृत योजना तुरंत तैयार की जाए, सभी मार्गों की डीपीआर एक साथ बनाई जाए और भविष्य के विकास केंद्र, नए हवाई अड्डे, औद्योगिक क्षेत्र तथा बढ़ते उपनगरों को ध्यान में रखते हुए मेट्रो नेटवर्क विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार भविष्य में जमीन, हवा और भूमिगत मार्गों के माध्यम से परिवहन प्रणाली विकसित कर पुणे को ट्रैफिक जाम से मुक्त और टिकाऊ शहर बनाने का प्रयास कर रही है।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 'मेट्रो भवन' - उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार


मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार ने कहा कि मेट्रो भवन केवल प्रशासनिक मुख्यालय नहीं, बल्कि आधुनिक पुणे की प्रगति का प्रतीक है। अत्याधुनिक इंजीनियरिंग और सुव्यवस्थित योजना से निर्मित यह भवन पुणे के प्रशासनिक गौरव में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने पुणे मेट्रो के लिए स्वर्गीय उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा किए गए कार्यों को भी याद किया।

मूला-मुठा नदी के किनारे बने इस भवन को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से विकसित किया गया है। पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ राज्य के महत्वपूर्ण विकास केंद्र हैं, इसलिए यहां बढ़ती आबादी के कारण परिवहन व्यवस्था पर काफी दबाव बढ़ गया था। इस पृष्ठभूमि में महायुति सरकार ने रिंग रोड, चौड़ी सड़कें, सर्विस रोड, सबवे, पुल और मेट्रो जैसी प्रमुख परियोजनाओं के माध्यम से ट्रैफिक कम करने के ठोस कदम उठाए हैं।

महत्वपूर्ण मेट्रो मार्ग जैसे स्वारगेट-कात्रज, पिंपरी-चिंचवड़-भक्तिशक्ति चौक, वनाज-चांदनी चौक, रामवाड़ी-वाघोली, खड़कवासला-खराड़ी, वारजे-नलस्टॉप, हडपसर-सासवड और हडपसर-लोनी कालभोर को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही भविष्य में पुणे हवाई अड्डे और चाकण एमआईडीसी को भी मेट्रो से जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में महामेट्रो के प्रबंध निदेशक श्रवण हर्डीकर ने पुणे मेट्रो परियोजना और मेट्रो भवन में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।




**मेट्रो भवन, पुणे - मुख्य विशेषताएँ**

कुल क्षेत्रफल लगभग 8150 वर्ग मीटर

भव्य स्वागत कक्ष और पुणे की सांस्कृतिक विरासत दर्शाने वाली कला स्थापना

एक्सपीरियंस सेंटर में पुणे मेट्रो नेटवर्क और परियोजना के मॉडल

312 सीटों का ऑडिटोरियम तथा बैकअप ऑपरेशनल कंट्रोल सेंटर, सिग्नलिंग और दूरसंचार सुविधाएं ।कांच की बाहरी संरचना से प्राकृतिक प्रकाश, ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन।

# राहुरी और बारामती विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा

## मतदान 23 अप्रैल को, मतगणना 4 मई 2026 को होगी

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई। भारत निर्वाचन आयोग ने देश के छह राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है। इनमें महाराष्ट्र की राहुरी (अहिल्यानगर जिला) और बारामती (पुणे जिला) विधानसभा सीटें भी शामिल हैं।

राहुरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवाजी भानुदास कर्डिले तथा बारामती विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजित अनंतराव पवार के निधन के कारण ये दोनों सीटें रिक्त हुई थीं। इन्हीं सीटों के लिए यह उपचुनाव कराया जाएगा।

निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट का उपयोग किया जाएगा। मतदाताओं की पहचान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र मुख्य प्रमाण होगा। इसके अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बैंक या डाकघर पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड जैसे दस्तावेज भी मान्य होंगे।

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही राहुरी और बारामती विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तुरंत लागू हो गई है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रचार के दौरान आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की जानकारी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को तीन बार प्रकाशित करना अनिवार्य होगा।

चुनाव कार्यक्रम

30 मार्च 2026 (सोमवार) - राजपत्र अधिसूचना जारी

6 अप्रैल 2026 (सोमवार) - नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि

7 अप्रैल 2026 (मंगलवार) - नामांकन पत्रों की जांच

9 अप्रैल 2026 (गुरुवार) - नाम वापस लेने की अंतिम तिथि

23 अप्रैल 2026 (गुरुवार) - मतदान

4 मई 2026 (सोमवार) - मतगणना और परिणाम घोषणा

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि पूरा चुनावी प्रक्रिया 6 मई 2026 (बुधवार) तक पूरी कर ली जाएगी। साथ ही आयोग ने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों को उपचुनाव की तैयारियां पूरी करने तथा आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# मियागाम - डभोई - प्रतापनगर डेमू सेवा के ट्रायल रन को माननीय सांसद श्री मनसुखभाई वसावा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल द्वारा आज,15 मार्च, 2026 को मियागाम - डभोई - प्रताप नगर डेमू सेवा का ट्रायल रन किया गया। इस डेमू ट्रेन के ट्रायल रन को मियागांव स्टेशन से माननीय सांसद मनसुख भाई वसावा एवं माननीय विधायक श्री अक्षय पटेल तथा वापसी में डभोई स्टेशन से माननीय विधायक शैलेश भाई मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। माननीय जनप्रतिनिधियों ने यात्रियों की इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने पर रेलवे की सराहना की।

मियागम स्टेशन पर आयोजित समारोह में माननीय सांसद मनसुख भाई वसावा ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे के सौंदर्यीकरण के लिए किये जा रहे कार्य की सराहना करते हुए सभी से स्वच्छता को अपनाने की अपील की।उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी के 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में अपने योगदान के लिए सभी से सहयोग की अपील की। माननीय विधायक अक्षय पटेल ने अपने उद्बोधन में






रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। माननीय विधायक शैलेशभाई मेहता ने डभोई में आयोजित समारोह में रेलवे के प्रयासों की सराहना करते हुए मुंबई जाने वाली ट्रेनों के डभोई में स्टापेज़ और बुकिंग की मांग की।

मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके ने डभोई और मियागाम के बीच डेमू ट्रेन के ट्रायल रन के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि

माननीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के निर्देशानुसार एवं माननीय महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में डभोई स्टेशन पर दो नये प प्लेटफार्म का निर्माण किया जा रहा है इस पर एकता नगर और मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेनों को स्टॉपेज दिया जाएगा।

श्री भडके ने डभोई - मियागाम सेक्शन के बारे में बताया कि भारतीय रेलवे के इतिहास में इस क्षेत्र का एक खास स्थान है। 32.306 किलोमीटर लंबी मियागांव डभाई लाइन बडोदरा मंडल का सबसे पुराना नैरोगेज गेज़ सेक्शन है, जिसे असल में 1862 में गायकवाड बडौदा स्टेट रेलवे के तहत काम करना शुरू किया था, बाद में यह पश्चिम रेलवे का हिस्सा बन गया और कई दशकों तक इस क्षेत्र की सेवा करता रहा। इस सेक्शन को तेज़ बदलने के लिए बंद कर दिया गया और ब्रॉड गेज में बदलने के बाद यात्री सेवा का ट्रायल किया जा रहा है।


श्री भडके ने आगे बताया कि इस क्षेत्र पर ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद रोजाना आने जाने वाले यात्रियों छात्रों व्यापारियों और आसपास के इलाकों के निवासियों को तेज भरोसेमंद और किफायती परिवहन मिलने से बहुत फायदा होगा साथ ही क्षेत्रीय कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी जो इस क्षेत्र के समग्र आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान दे देगी। अपनी नियमित सेवा में यह ट्रेन मियागाम करजन और प्रताप नगर के? बीच वाया डभोई परिचालित होगी।

# तिलकनगर में नाबालिग से गैंगरेप, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने का दिया था झांसा, 2 गिरफ्तार

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई के तिलकनगर इलाके में एक नाबालिग के साथ बड़े अपराध की गंभीर घटना सामने आई है. जहां राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए मदद मांगने गई एक किशोरी के साथ आरोपियों ने जो कि किशोरी के परिचित थे उन्होंने गैंगरेप



किया. यह घटना पिछले महीने घटी लेकिन इसका खुलासा अब हुआ जब पीड़िता ने अब हिम्मत दिखाई.

तिलकनगर पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नूरुद्दीन आफताब अजीमुद्दीन सैयद आजमी (55) और अनीस अहमद तौफीक चौधरी (47) के रूप में हुई है.

सुनसान जगह पर ले गए थे आरोपी

दर्ज केस के मुताबिक पीड़ित अपनी बड़ी बहन के कहने पर परिचित के पास राशन कार्ड में नया नाम जुड़वाने की मदद मांगने गई थी. पीड़ित को चेंबूर में सुनसान जगह ले जाकर दिया वारदात को अंजाम दिया गया कहा अब पुलिस ने को दो गिरफ्तार किया है.

राशन कार्ड में नया नाम जुड़वा दूंगा इस काम को करवाने में आरोपी परिचित शख्स ने मदद करने का आश्वासन दिया था. लेकिन उस दिन महिला के बेटे की तबीयत खराब थी. इसलिए उसने अपनी नाबालिग छोटी बहन को कागजात लेकर भेज दिया, क्योंकि उसकी बड़ी बहन की तबियत ठीक नहीं थी.

नाबालिग को अकेला देखकर उठाया फायदा

शख्स ने नाबालिग को अकेला देखकर इसका फायदा उठाया. शख्स और उसका साथी नाबालिग को छेडा नगर बस स्टॉप के पास सुनसान जगह ले गए और उसके साथ सामूहिक दुराचार किया. साथ ही नाबालिग से दुराचार की वारदात के बाद आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि उसने इस बारे में किसी को बताया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे.

इस घटना से पीड़िता डर गई थी. लेकिन आखिरकार हिम्मत जुटाकर 13 मार्च 2026 को पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई. तिलकनगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित पाठओं और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया. पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या इन आरोपियों ने पहले भी इस तरह के झांसे देकर किसी को भी अपना शिकार बनाया है.

# महाराष्ट्र की बारामती और राहुरी सीट के उपचुनाव का ऐलान, 23 अप्रैल को वोटिंग

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

महाराष्ट्र की बारामती और राहुरी विधानसभा सीटें पश्चिमी महाराष्ट्र की राजनीति में अहम मानी जाती हैं. इन दोनों सीटों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. दोनों ही सीटों पर विधायकों के निधन के बाद यह निर्वाचन क्षेत्र खाली हो गए थे. उपचुनाव के ऐलान के बाद अब राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है. राहुरी सीट बीजेपी के शिवाजी कर्डीले और बारामती सीट अजित पवार के निधन के चलते खाली हुई है.

**कब है इन दो सीटों पर चुनाव**

महाराष्ट्र की दो सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 30 मार्च 2026 को अधिसूचना सूचना जारी होगी. 6 अप्रैल नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख है और 7 अप्रैल नामांकन पत्रों की जांच की आखिरी तारीख है. 9 अप्रैल 2026 को उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख है. वोटिंग की तारीख 23 अप्रैल और 4 मई 2026 को मतगणना होगी.

**अजित पवार की बारामती सीट पर क्या है स्थिति?**

बात बारामती की करें तो यह पुणे जिले में स्थित है और राज्य की सबसे हाई-प्रोफाइल सीटों में गिनी जाती है. यह सीट लंबे समय से शरद पवार परिवार का राजनीतिक गढ़ मानी जाती है. यहां से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार कई बार विधायक चुने गए. साल 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार गोपीचंद पडलकर को बड़े अंतर से हराया था. उस चुनाव में अजित पवार को 1,95,641 वोट मिले थे, जबकि गोपीचंद पडलकर को 30,376 वोट प्राप्त हुए थे.




इस तरह अजित पवार ने 1,65,265 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की, जो उस चुनाव में राज्य की सबसे बड़ी जीतों में से एक थी. सामाजिक समीकरण की बात करें तो बारामती में मराठा समुदाय सबसे प्रभावशाली माना जाता है. इसके अलावा धनगर, अन्य ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाता भी यहां अच्छी संख्या में हैं. सहकारी चीनी मिलों, कृषि संस्थानों और सहकारी बैंकों के नेटवर्क के कारण इस क्षेत्र में पवार परिवार का राजनीतिक प्रभाव लंबे समय से मजबूत माना जाता है.

**राहुरी विधानसभा सीट पर क्या हैं समीकरण?**

वहीं अहिल्यानगर (पुराना नाम-अहमदनगर) जिले की राहुरी विधानसभा सीट मुख्य रूप से ग्रामीण और कृषि प्रधान क्षेत्र है. यहां की राजनीति पर भी मराठा समुदाय का प्रभाव देखा जाता है, हालांकि माली, धनगर जैसे ओबीसी समुदायों के साथ दलित और मुस्लिम वोट भी चुनावी परिणामों को प्रभावित करते हैं. साल 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार प्राजक्त तनपुरे ने जीत दर्ज की थी. उन्हें 1,09,234 वोट मिले थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिवाजी कर्डीले को 85,908 वोट प्राप्त हुए थे. इस चुनाव में तनपुरे ने कर्डीले को 23,212 वोटों के अंतर से हराया था.

इसके बाद 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवाजी कर्डीले ने इस सीट पर वापसी करते हुए जीत दर्ज की. उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार प्राजक्त तनपुरे को लगभग 14,000 से अधिक वोटों के अंतर से हराया. अक्टूबर 2025 में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया. उनके निधन के कारण यह सीट भी रिक्त हो गई और अब यहां उपचुनाव की संभावना को लेकर राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं.

**दोनों सीटों का महत्व क्यों?**

पश्चिमी महाराष्ट्र की राजनीति में इन दोनों सीटों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यहां स्थानीय सहकारी संस्थाओं, कृषि अर्थव्यवस्था और जातीय समीकरणों का सीधा असर चुनावी नतीजों पर पड़ता है. बारामती को जहां पवार परिवार की मजबूत पकड़ वाली सीट माना जाता है, वहीं राहुरी में अलग-अलग चुनावों में बीजेपी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलता रहा है. ऐसे में दोनों सीटों के खाली होने के बाद संभावित उपचुनाव राज्य की राजनीति के लिए अहम माना जा रहा है।

# पुणे में इफ्तार कर रहे लोगों पर हमला, 150 लोगों की भीड़ ने डंडों और पत्थरों से की पिटाई

पुणे।महाराष्ट्र के पुणे में रमजान के दौरान इफ्तार करने पहुंचे लोगों पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस के मुताबिक, ससवड इलाके के पास एक झील के किनारे इफ्तार कर रहे 14 लोगों पर करीब 100 से 150 लोगों के समूह ने हमला कर दिया. इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है.

कोंढवा निवासी 36 वर्षीय फिरोज सय्यद ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार (14 मार्च) शाम अपने 13 दोस्तों के साथ रोजा खोलने के लिए बोपदेव घाट के पास अस्करवाडी इलाके में झील के किनारे गए थे. वे लोग अपने साथ खाने के पैकेट और अन्य खाद्य सामग्री लेकर पहुंचे थे और इफ्तार की तैयारी कर रहे थे.

सय्यद के अनुसार, जैसे ही उन्होंने खाने के पैकेट खोले, तभी अचानक करीब 100 से 150 लोगों का एक बड़ा समूह वहां पहुंच गया. बताया गया कि ये लोग करीब 100 दोपहिया वाहनों पर आए थे.

डंडों और पत्थरों से हमला

शिकायत के मुताबिक, हमलावरों के पास डंडे, पत्थर, चाबुक और कुछ धारदार हथियार भी थे. उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि वे उस जगह पर क्यों इकट्ठा हुए हैं और उनके कपड़ों को लेकर भी सवाल किए. इसके बाद उन्होंने चेतावनी दी कि वे दोबारा उस इलाके में न आएं.

कुछ ही देर में आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अचानक हमला कर दिया. हमलावर मारपीट करते समय नारे भी लगा रहे थे. स्थिति बिगड़ती देख इफ्तार के लिए आए लोग अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागने लगे.



कई लोग घायल, अस्पताल में कराया गया इलाज

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, हमले में कई लोगों को चोटें आईं. फिरोज सय्यद के मुताबिक, कुछ लोगों के सिर, पीठ और पैरों में गंभीर चोट लगी. बाद में सभी लोग कोंढवा के एक अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया.

सय्यद ने यह भी बताया कि झील के पास इफ्तार करने के लिए और भी लोग मौजूद थे और उनमें से कुछ के साथ भी हमलावरों ने कथित तौर पर मारपीट की.

पुलिस ने शुरू की जांच

रिपोर्ट में बताया गया है कि ससवड पुलिस स्टेशन के निरीक्षक कुमार कदम ने बताया कि इस मामले में 100 से 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है.

उन्होंने कहा कि अब तक तीन संदिग्ध हमलावरों की पहचान कर ली गई है और बाकी लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हमलावर किसी संगठन से जुड़े थे या नहीं. जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है.

